# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–12.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय–इडी की रांची और पाकुड़ में आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों पर छापेमारी।
- राज्य की 43 विधानसभा सीटों के लिए कल सवेरे सात बजे से डाले जायेंगे वोट, पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्रों पर भेजने का सिलसिला जारी।
- पहले चरण में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, डा. रामेश्वर उरांव, बैद्यनाथ राम समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर।
- दूसरे चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार तेज, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने झरिया में की चुनावी रैली, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी आज गिरिडीह में दो सभाओं को करेंगे संबोधित।
- झामुमो के वरिष्ठ नेता सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य भी निरसा और सिंदरी में चुनावी सभाओं को करेंगे संबोधित।

*******************

बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय– इडी की टीम रांची और पाकुड़ में कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है। रांची में इडी की टीम ने एक होटल और डायग्नोसिस सेंटर समेत छह ठिकानों पर दबिश दी है। उधर, पाकुड़ में भी कई ठिकानों पर ईडी की टीम पहुंची है। इसी मामले में पश्चिम बंगाल में भी एक दर्जन से अधिक स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

*******************

पहले चरण के मतदान से ठीक एक दिन पहले रांची और पाकुड में इडी की छापेमारी पर झामुमो ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने आरोप लगाया कि भाजपा संवैधानिक संस्थानों का दुरुपयोग कर रही है।

*******************

राज्य के 15 जिलों के 43 विधानसभा क्षेत्रों में कल वोट डाले जायेंगे। इसकी सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इस चरण में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, डा. रामेश्वर उरांव, दीपक बिरुआ, बैद्यनाथ राम समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है। पहले चरण में कुल 683 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

*******************

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि कल सवेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 31 विधानसभा क्षेत्रों के 950 अति संवेदनशील बूथों पर शाम चार बजे तक ही मतदान होगा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वोटर आइडी कार्ड नहीं रहने पर 12 तरह के अन्य वैकल्पिक दस्तावेज को मान्यता प्रदान की गयी है।

*******************

कल प्रथम चरण में सरायकेला, खरसावां एवं इचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुल 1055 मतदान केंद्रो में वोट डाले जाएंगे। मतदान की सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
*******************

पहले चरण का चुनाव प्रचार थमने के बाद अब 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज झरिया में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला।
श्री शाह बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में भी आज चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उनके अलावा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी आज गिरिडीह में दो चुनावी रैली करेंगे।
इधर, झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य आज निरसा और सिंदरी में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी दौरे पर कल तीसरी बार झारखंड आ रहे हैं। वे देवघर के सारठ और गोड्डा जिले के सिकटिया में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद निशिकांत दुबे ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संताल परगना क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आना काफी मायने रखता है, क्योंकि यह इलाका बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या से जूझ रहा है।

*******************

राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपनी–अपनी जीत के दावे किये हैं। भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भाजपा लोगों के दिलों में बसती है और लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है।
इधर, पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने दावा किया है कि पहले चरण के चुनाव में ही एनडीए बहुमत का जादुई आंकड़ा हासिल कर लेगा।
उधर, कांग्रेस के चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि राज्य में माहौल इंडिया गठबंधन के पक्ष में है और यह गठबंधन सत्ता में वापसी करेगा।
***************